# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in


# परीक्षा–परिणाम

## पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग (P.B.BSc. Nursing) तथा मास्टर ऑफ साइंस नर्सिंग (M.Sc.Nursing) सिलेक्शन टेस्ट–2025

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 01.07.2025

परीक्षा परिणाम तिथि : 30th जुलाई, 2025

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

# म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

## पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग (P.B.BSc. Nursing) तथा मास्टर ऑफ साइंस नर्सिंग (M.Sc. Nursing) सिलेक्शन टेस्ट–2025 का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक **01.07.2025** को (02 पालियों में) मध्यप्रदेश के 09 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रीवा, सागर, सतना एवं उज्जैन में पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग (P.B.BSc. Nursing) तथा मास्टर ऑफ साइंस नर्सिंग (M.Sc. Nursing) सिलेक्शन टेस्ट–2025 (ऑनलाईन) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा के लिए **9670** आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किये गये, जिनमें से **7447** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। एवं **2223** अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

2. परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदन अनुसार कुंजी समिति के निर्णय उपरांत प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

3. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई जानकारियों के आधार पर नियमपुस्तिका के अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है, जिसमें श्रेणीवार (अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस. (आर्थिक रूप से कर्मजोर) एकीकृत प्रावीण्य सूचियॉ तैयार की गई है ।

4. परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की आपसी सहवरिष्ठता नियमपुस्तिका में उल्लेखित नियमानुसार निर्धारित की गई है।

5. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई समस्त जानकारियों तथा अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश के पूर्व संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जायेगा, तदोपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

6. प्रवेश नियम के अनुसार अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी ।

7. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

8. परीक्षा परिणाम ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध हैं, जहॉ से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 30th जुलाई 2025

नियंत्रक
कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल